***@shahjahanpurpol**

सराहनीय कार्य दिनांक 03.06.2023

(एसटीएफ लखनऊ एस0ओ0जी0 टीम एवं थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहांपुर)

नेपाली अफीम तस्कर सहित 03 अभियुक्त गिरफ्तार, अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में करीब 02 करोड 50 लाख रू0 कीमत की 02 किलो 500 ग्राम अवैध अफीम, 2000/रू0 नगद, मोटरसाइकिल आदि बरामद।

उ0प्र0 राज्य में शासन की मंशा एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार अवैध मादक पदार्थो की तस्करी करने वालो के विरूद्व जनपद शाहजहाँपुर में जीरो टालरेन्स नीति के अन्तर्गत लगातार कार्यवाही की जा रही है। उक्त क्रम में दिनांक 03.06.2023 को एस0टी0एफ0 यूनिट लखनऊ व जनपदीय एस0ओ0जी टीम शाहजहाँपुर एवं थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से विश्वस्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि तीन व्यक्ति हरदोई चौराहे से बरेली की तरफ जाने वाले रास्ते पर राईस मिल के सामने सडक हाइवे पर सन्दिग्ध अवस्था में मौजूद है जिनके पास अपराध से सम्बन्धित कोई वस्तु है।

उक्त प्राप्त सूचना पर श्री एस0 आनन्द, पुलिस अधीक्षक, शाहजहांपुर के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक, नगर के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर/अपराध के निकट पर्यवेक्षण में एस0टी0एफ0 यूनिट लखनऊ व जनपदीय एस0ओ0जी टीम शाहजहाँपुर एवं थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से हरदोई चौराहे से बरेली की तरफ जाने वाले रास्ते पर राईस मिल के सामने सडक हाइवे पहुंचें कर वहां पर तीन व्यक्ति एक मोटरसाइकिल हीरो एच0एफ0 डीलक्स यू0पी0 25 डी बी 2041 के साथ तीन व्यक्तियों को समय करीब 08.40 बजे गिरफ्तार किया गया। पकडे गये व्यक्तियों के पास से कुल 02 किलो 500 ग्राम अफीम, 2000 रूपये, मतदाता पहचान पत्र, 01 मोटरसाइकिल हीरो कम्पनी, 03 मोबइल फोन सहित आदि सामान बरामद हुआ है। बरामद अफीम की कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में करीब 2.50 करोड (दो करोड पचास लाख रू0 है।) पकडे गये व्यक्तियों के विरूद्ध थाना रामचन्द्र मिशन मे सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तारी का स्थान/समयः-

हरदोई चौराहे से बरेली की तरफ जाने वाले रास्ते पर राईस मिल के सामने सडक हाइवे समय 08.40 बजे दिनाँक 03.06.2023

गिरफ्तार किये गये अभि0गण के नाम/पताः-

01. प्रभू शाह पुत्र जगर नाथ शाह निवासी चिकनी थाना रकसौल जनपद पूर्वी चम्पारन (बिहार) हाल पता बहुदर माई नगर पालिका वार्ड न0 02 बैरियावितर्ा थाना वीरगंज जनपद परसा (नेपाल) उम्र करीब 55 वर्ष

02. महीपाल पुत्र पूरनलाल (जाति धानुक) निवासी नगरिया विक्रम थाना फरीदपुर जिला बरेली उम्र करीब 30 वर्ष,

03. वीरेशपाल सिह पुत्र अभिलाष सिह निवासी ग्राम नगरिया विक्रम थाना फरीदपुर जनपद बरेली उम्र करीब 38 वर्ष

बरामदगी का विवरणः-

1-कुल 02 किलो 500 ग्राम फाईन क्वालिटी की अफीम (अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में करीब 2.50 करोड रूपये)

2- 01 मोटरसाइकिल एच0एफ0 डीलक्स

3- 2000/रू0 नगद

4- मतदाता पहचान पत्र

5- 03 अदद मोबाइल फोन

<u>पूछताछ का संक्षिप्त विवरण-</u>

पकडे गये अभियुक्तों द्वारा संयुक्त रूप से पूछताछ पर बताया गया कि वह नेपाल से सस्ते दामों पर अफीम खरीदकर लाते हैं। क्योंकि वहाँ पर अफीम आसानी से सस्ते दामों पर उपलब्ध हो जाती है। जिसे उ0प्र0 सहित अन्य राज्यों में बहुत ही ऊँची कीमत में आसानी से बिक्री कर देतें हैं। पूर्व में भी शाहजहाँपुर के कई कस्बों मे हम लोगो ने कई बार अफीम को बेच चुकें हैं। हमारा साथी प्रभू शाह पुत्र जगर नाथ शाह जोकि रकसौल जनपद पूर्वी चम्पारन (बिहार) का रहने वाला है वर्तमान में नेपाल में रह रहा है। वहाँ से सस्ते दामों में अफीम खरीद लेता है व हम दोनो महीपाल व वीरेशपाल सिंह निवासी ग्राम नगरिया विक्रम थाना फरीदपुर बरेली के रहने वाले हैं यहाँ आस पास ग्राहक तलाश कर उन्हें ऊंची कीमत में अफीम की बिक्री कर देते हैं। आज हम लोग यहाँ माल बेचने के फिराक में बरेली की तरफ जाने के लिए खड़े थे यह माल हमें फरीरदपुर बरेली में जाकर बेचना था के आप लोगो ने हमें पकड किया।

<u>पंजीकृत अभियोग का विवरणः-</u>

1-मु0अ0सं0 – 184/2023 धारा 8/18 NDPS Act थाना रामचन्द्र मिशन जिला शाहजहांपुर।

<u>पुलिस टीम का विवरणः-</u>

(एस0टी0एफ0 टीम ,लखनऊ)

1-उ0नि0 श्री सत्यप्रकाश सिंह

2-का0 प्रदीप चौधरी

(एस0ओ0जी0 टीम शाहजहाँपुर)

1- हे0का0 329 राजाराम पाल सिंह

2- हे0का0 157 उदयवीर सिंह

3- हे0का0 239 ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह

(थाना रामचन्द्र मिशन जनपद शाहजहाँपुर)

01. व0उ0नि0 श्री राकेश सिंह

02. का0 2041 सावन मलिक

03. का0 2544 विशाल पवांर